
# मैंडरिन ब्लाउज

*तो अगर आप इंस्टाग्राम के लायक वेडिंग आउटफिट लेना चाह रहे हैं तो यह ट्यूटोरियल आपके लिए है।*








सामग्री की सूची
1 मीटर सेक्विन का कपड़ा 45 इंच चौड़ा
लाइनिंग के लिए 1 मीटर सैटिन का कपड़ा, 45 इंच चौड़ा
¼ मीटर मोटी इंटरलाकिंग फ्यूजिंग
मैंडरिन ब्लाउज के लिए टेम्पलेट जिसे आप हमारी वेबसाइट www.ushasew.com से डाउनलोड कर सकते हैं
14 इंच का खुलने वाला मेटालिक जिपर
2 हुक और आई सेट
बीडेड पिंस
चॉक
नापने का फीता
स्केल
उषा जानोम जिपर फुट
हाथ की सुई
कैंची
और मैचिंग धागा

इस ट्यूटोरियल में आप सीखेंगे कि टेम्प्लेट से मैंडरिन ब्लाउज के लिए कपड़े को कैसे काटें, अस्तर और मुख्य कपड़े को एक साथ कैसे जोड़ें, ब्लाउज के आगे और पीछे के टुकड़े को कैसे जोड़ें, बायस स्ट्रिप्स के साथ हेमिंग कैसे करें, ज़िप कैसे लगाएं और अंत में सबसे जरुरी  यानि कॉलर कैसे बनाएं।








## चरण 1: टेम्पलेट का निशान लगाना और काटना


चलो सेक्विन कपड़े से शुरू करते हैं, इसे खोलें और लंबाई में मोड़ के टेबल पर बिछा दें। फिर www.ushasew.com से डाउनलोड किए गए मैंडरिन ब्लाउज के टेम्पलेट को कपड़े पर रखें। दिखाए अनुसार सामने के टेम्पलेट को तह पर ऐसे रखें। फिर बैक टेंपलेट रखें। जैसा कि आप देख सकते हैं कि बैक टेम्प्लेट को तह पर नहीं रखा है क्योंकि हमें बैक के दो अलग-अलग टुकड़ों की आवश्यकता है। बचे हुए कपड़े पर कॉलर टेम्पलेट को रखें। सुनिश्चित करें कि आप कॉलर टेम्पलेट को सीम अलाउंस के साथ रखें क्योंकि अन्य टेम्पलेट फ़्यूज़िंग के लिए है। इन पर बीडेड पिंस लगा दें। चाक लें और कपड़े पर टेम्पलेट्स रख के निशान लगा लें। कपड़े पर सावधानी से निशान लगाएं। ये करने के बाद टेम्पलेट से पिन निकल लें। टेम्पलेट्स निकालें और फिर से पिन लगा दें ताकि कपड़ा काटते समय सही जगह पर रहे।





कैंची का उपयोग करें और कपड़े से टुकड़े काट लें। पहले फ्रंट को काटें और फिर कॉलर के साथ-साथ बैक को भी काट लें। इसी तरह टेम्पलेट्स का उपयोग करें और साटन के अस्तर के कपड़े से आवश्यक टुकड़ों को काट लें, ठीक उसी तरह जैसे हमने ट्यूटोरियल के लिए किया है। आपके पास फ्रंट, बैक और कॉलर का टुकड़ा होना चाहिए। हमें कॉलर के लिए साटन के अस्तर कपड़े के 2 टुकड़े की जरूरत है।







जब आप ये सभी टुकड़े काट लें, तो फ्यूज़िंग को बाहर लाएं। फ़्यूज़िंग का उपयोग कपड़े को अतिरिक्त स्थिरता प्रदान करने और यह सुनिश्चित करने के लिए किया जाता है कि यह शेप को बनाए रखे। हम इसका उपयोग कॉलर पर करेंगे। चमकदार हिस्सा उल्टा हिस्सा है जो कपड़े पर चिपकेगा। सीम अलाउंस कॉलर टेम्प्लेट को फ़्यूज़िंग के दायें हिस्से पर रखें और चाक से निशान लगा लें। ध्यान दें कि यह टेम्प्लेट उस कॉलर टेम्प्लेट से थोड़ा छोटा है जो हमने सेक्विन कपड़े के लिए इस्तेमाल किया था। कॉलर का टुकड़ा काट लें। सावधानी से काटें क्योंकि घुमावदार टुकड़ों को काटना आसान नहीं होता।






अब बचे हुए साटन अस्तर के कपड़े को लें और इसे आधे हिस्से में मोड़ें जैसे ट्यूटोरियल में दिखाया गया है और अतिरिक्त कपड़े को काट लें। अब इस कपड़े से बायस स्ट्रिप काट लें। कपड़े के किनारे से 1.5 इंच मापें और इसे चिह्नित करें। पूरे कपड़े पर ऐसा करें। ये करने के बाद, चिह्नित बिंदुओं की सहायता से एक सीधी रेखा खींचने के लिए रूलर का उपयोग करें। स्ट्रिप को काट लें। दो अन्य स्ट्रिप्स के लिए इसी प्रक्रिया को दोहराएं, आपके पास कुल तीन बायस स्ट्रिप्स होनी चाहिए।

ये वो सभी टुकड़े हैं जिनकी आपको अपने मैंडरिन कॉलर ब्लाउज बनाने मे आवश्यकता होगी। संक्षिप्त मे, यह हमारा फ्रंट का टुकड़ा, यह कॉलर और उसकी फ्यूज़िंग, बैक का टुकड़ा और बायस स्ट्रिप है।

## चरण 2: अस्तर कपड़े को सेक्विन फैब्रिक से जोड़ना और डार्ट्स बनाना



फ्रंट के टुकड़े को उसके अस्तर के साथ लें, पिन निकालें और कपड़े को खोलें। दिखाए अनुसार सेक्विन कपड़े के उलटे हिस्से को अस्तर के कपड़े के सीधे हिस्से पर रखें। अब निशान के अनुसार अस्तर कपड़े को मुख्य सेक्विन कपड़े के साथ फिक्स करने के लिए सब तरफ से सिलें।




फ्रंट के टुकड़े को उसके अस्तर के साथ लें, पिन निकालें और कपड़े को खोलें। दिखाए अनुसार सेक्विन कपड़े के उलटे हिस्से को अस्तर के कपड़े के सीधे हिस्से पर रखें। अब निशान के अनुसार अस्तर कपड़े को मुख्य सेक्विन कपड़े के साथ फिक्स करने के लिए सब तरफ से सिलें।









टुकड़ों को उषा वंडर स्टिच प्लस सिलाई मशीन पर ले जाएं। कपड़े को प्रेसर फुट के नीचे एडजस्ट करें। स्टिच सिलेक्टर डायल को A पर और स्टिच लेंथ को 2.5 पर सेट करें। सिलना शुरू करें। जब आप किसी कोने में आएं तो पिवोटिंग तकनीक का उपयोग करें जहां आप कपड़े को मोड़ते हैं जबकि सुई कपड़े के अंदर ही रहती है। फ्रंट टुकड़े से लेकर आर्महोल, नेकलाइन और साइड्स तक सब तरफ सिलें। धागा काट लें। आपका फ्रंट टुकड़ा ऐसा दिखना चाहिए, लेकिन अभी तक यह पूरा नही हुआ है। एक बार फिर से टेम्पलेट लें और इसे आधे हिस्से पर रखें। नीचे दो नॉच और केंद्र में डॉट देखें। ये डार्ट के लिए निशान हैं। चाक से टेम्पलेट पर इंगित डार्ट्स पॉइंट को चिह्नित करें। ये करने के बाद, टेम्पलेट को फ्लिप करें और दूसरे आधे हिस्से पर भी तीन बिंदुओं को चिह्नित करें। फिर टेम्पलेट को हटा दें और रूलर की मदद से दो नॉच और एक डॉट को त्रिकोण डार्ट बनाने के लिए दिखाए अनुसार जोड़ें। ऐसा दोनों साइड्स के लिए करें। सुनिश्चित करें कि आपकी लाइनें सीधी हैं।






अब हमें इन डार्ट्स को सिलना है, ट्यूटोरियल में दिखाए अनुसार दो किनारों को मिलाएं और लाइन पर सिलाई करें। टांके को मजबूत करने के लिए रिवर्स टांके लगाना न भूलें। धागा काटें और दूसरी तरफ भी ऐसा ही करें। लाइन को मिलाएं, और उन पर सिलाई करें। ये करने के बाद सभी अतिरिक्त धागा काट लें। आपके फ्रंट का टुकड़ा पीछे से और सामने से इस तरह दिखना चाहिए।





अब बैक का टुकड़ा लें और पिन निकल दें। हमारे फ्रंट के टुकड़े के विपरीत पीछे के टुकड़े पर अस्तर को छोड़कर दो अलग-अलग खंड हैं, यदि आप सोच रहे हैं कि ऐसा क्यों है, तो यह ब्लाउज का खुला हिस्सा है जो ज़िपर्स के साथ बंद होगा।

फ्रंट के टुकड़े की तरह, मुख्य सेक्विन कपड़े के उलटे हिस्से को साटन के अस्तर के कपड़े के सीधे हिस्से पर रखें। अब हम अस्तर को मुख्य कपड़े से सब तरफ सिल के जोड़ देंगे।




एक बार फिर कपड़े को अपनी उषा वंडर स्टिच प्लस सिलाई मशीन पर ले जाएं और एक टुकड़े को सिलना शुरू करें। ट्यूटोरियल में दिखाए अनुसार सब तरफ सिलें, जब आप आखिर में पहुंचे तो पिवोट तकनीक का उपयोग करें ताकि यह एक निरंतर सिलाई हो। धागा काटें और दूसरे टुकड़े को सिलें।




आपके दो सिले हुए टुकड़े इस तरह दिखने चाहिए।

अब बैक डार्ट्स पर काम करें, बैक टेम्पलेट को कपड़े पर रखें और टेम्पलेट पर इंगित तीन बिंदुओं को चिह्नित करें। टेम्पलेट को मोड़ें और दूसरे टुकड़े पर भी निशान लगाएं। ये करने के बाद, चिह्नित डार्ट बिंदुओं को जोड़ने के लिए रूलर का उपयोग करें। सुनिश्चित करें कि आपने एक सीधी रेखा को चिह्नित किया है।




इन डार्ट्स को सिलने के लिए, नीचे के डार्ट बिंदुओं को संरेखित करें और कपड़े को दिखाए अनुसार मोड़ें और अब चिन्हित लाइन पर सिलें, इस चरण के लिए रिवर्स टांके आवश्यक हैं।




इसी प्रक्रिया को दूसरे टुकड़े पर दोहराया जाएगा। सभी अतिरिक्त धागे काट लें। हमारे सिले हुए डार्ट्स इस तरह दिखने चाहिए।




## चरण 3: कंधों और साइड सीमों को सिल के फ्रंट और बैक के टुकड़ों को जोड़ना

सूची में अगली बारी कंधों को जोड़कर फ्रंट और बैक के टुकड़े को जोड़ना है। बैक के दो टुकड़ों को फ्रंट के टुकड़े पर रखें, सीधा हिस्सा आमने-सामने हो, और दोनों कंधों पर पिन लगा दें। कंधे के किनारे को प्रेसर फुट के साथ संरेखित करें और सिलाई शुरू करें। सिलने के साथ-साथ पिन निकालते रहें। दूसरे कंधे पर भी ऐसा ही करें। ये हमारे सीधे टांके हैं लेकिन किसी भी किनारों को उधड़ने से रोकने के लिए, अब हमें उनके ऊपर ज़िग-ज़ैग टांके लगाने होंगे। पैटर्न सिलेक्टर डायल को C पर और स्टिच लेंथ को 1.5 पर सेट करें और कंधों के किनारे पर सिलें। ध्यान दें कि जिग-जैग टांके लगाने के बाद रिवर्स टांके की आवश्यकता नहीं होती। ये करने के बाद, अतिरिक्त धागा काट लें। क्या अब कपड़ा ज्यादा अच्छा नहीं दिखता? सिलने के बाद दो टुकड़े ऐसे दिखेंगे।






कंधों के बाद, हम साइड्स को सिलेंगे। ट्यूटोरियल में दिखाए अनुसार साइड्स पर पिन लगा दें और सीम अलाउंस पर सिलें।




मटेरियल को प्रेसर फुट के नीचे रखें और पैटर्न सेलेक्टर डायल को A पर रीसेट करें जो कि स्ट्रैट स्टिच है और स्टिच लेंथ को 2.5 पर करें। टांके को मजबूत करने के लिए शुरुआत और अंत में रिवर्स टांके लगाएं। सिलने के साथ-साथ पिन निकालते रहें। जब आप अंत मे पहुंचे तो प्रेसर फुट को उठाएं, धागे को काटें और दूसरी तरफ सिलें। सिलाई की इसी समान प्रक्रिया को दोहराएं। आपकी सिलाई इस तरह दिखनी चाहिए।.


















## चरण 4: बायस स्ट्रिप को आर्महोल और निचले हेम से जोड़ना

हमारे ब्लाउज की बुनियादी संरचना तैयार है, सूची मे अगली बारी बायस स्ट्रिप को जोड़ना है। एक स्ट्रिप नीचे जाएगी और बाकी दो का इस्तेमाल आर्महोल के लिए किया जाएगा। बायस स्ट्रिप का लगभग ¾ इंच छोड़ें और दिखाए अनुसार आर्महोल के आस-पास स्ट्रिप का सीधा हिस्सा कपड़े के सीधे हिस्से पर रखें। इसे प्रेसर फुट के किनारे पर संरेखित करें और सिलाई शुरू करें। जब आप वहां पहुंचने वाले हों जहां शुरु किया था तो रुकें। धागे को काटने से पहले, स्ट्रिप को जॉइंट तक संरेखित करें और दिखाए अनुसार बायस स्ट्रिप को लम्बाई मे सिलें। ½ इंच अतिरिक्त छोड़ के अतिरिक्त स्ट्रिप को काट दें। अब बचे हुए दो इंच को सिलें और बायस स्ट्रिप के सीम को भी समतल करें और उस पर सिलाई करें। ये करने के बाद दूसरे आर्महोल को सिलें, इसी प्रक्रिया को दोहराएं।

हमारे आर्महोल बन गये हैं।

अब हम ब्लाउज के निचले हिस्से की ओर चलते हैं। बायस स्ट्रिप को आधे में मोड़ें, उल्टा हिस्सा आमने-सामने हो, और इसे ब्लाउज के नीचे के निचले हिस्से के दूसरी तरफ रखें, बायस स्ट्रिप का मुड़ा हुआ हिस्सा ऊपर हो, और खुले हुए किनारों नीचे। दिखाए अनुसार ब्लाउज के निचले किनारे को अंदर की तरफ ½ इंच मोड़ें। शुरुआत में स्ट्रिप का लगभग ¾ इंच छोड़ दें। कपड़े को प्रेसर फुट के नीचे सेट करें और सिलाई शुरू करें। सुनिश्चित करें कि आप स्थिर हांथो से काम करें हैं और यह सुनिश्चित करते हैं कि बायस स्ट्रिप सही ढंग से मुड़ी हो। ब्लाउज के फ्रंट के एक साइड से बैक तक और फ्रंट के दूसरे खुले हुए साइड तक सब तरफ सिलें। जब आप खुले हुए हिस्से के दूसरे किनारें पर फिर से पहुंचे तो अंत में दो इंच की स्ट्रिप छोड़ दें और सभी अतिरिक्त बायस स्ट्रिप को काट लें।

ये करने के बाद, हम आर्महोल और नीचे लगे बायस स्ट्रिप पर टॉप स्टिच लगाएंगे, ये यह सुनिश्चित करेगा कि सर्कुलर स्ट्रिप सपाट रहे और एक अच्छा फिनिश मिले। ट्यूटोरियल में दिखाए अनुसार सिलें। दूसरे आर्महोल पर भी टॉप स्टिच लगाएं। सभी अतिरिक्त धागे को काटें और ब्लाउज के निचले भाग पर जाएं। सुनिश्चित करें कि नीचे के बायस स्ट्रिप का तह सपाट है और यहां तक कि जब आप उस पर टॉप स्टिच लगाएं तब भी। आपकी सिलाई आखिर में इस तरह दिखनी चाहिए। ये आर्महोल हैं और यह ब्लाउज के निचला हेम है।




चरण 5: जिपर लगाना

अगला चरण जिपर को ब्लाउज के साथ जोड़ना है। एक 14 इंच का खुले मुह वाला मेटालिक जिपर लें। इसे लगाने के लिए, ब्लाउज के पीछे के हिस्से को आधा इंच मोड़ें और दिखाए अनुसार इसे जिपर के दायें साइड के ऊपर रखें और पिन लगा दें। सुनिश्चित करें कि पिन तह और ज़िप दोनों में लगा हो ताकि यह सही जगह रहे। जिप को पूरी तरह से खोलें।








ब्लाउज घुमाएं और दूसरे खुले छोर पर काम करें। अब दूसरे भाग को आधा इंच मोड़ें और इसे जिप के दूसरे छोर पर रखें। मुड़ा हुआ किनारा ज़िप के दाईं ओर रखा जाएगा। आसानी से सिलने के लिए इसमें पिन लगा दें।

अब जिपर बंद करें और हम इसे कपड़े में जोड़ने के लिए पिन किए गए भाग के साथ-साथ सिलेंगे।

ब्लाउज को अपनी सिलाई मशीन पर ले जाएं। आसानी से सिलने के लिए ज़िप को एक बार फिर से खोलें और नियमित प्रेसर फुट को हटा के उषा जेनोम जिपर फुट लगा लें। ये करने के बाद, कपड़े के किनारे को प्रेसर फुट से संरेखित करें और सिलाई शुरू करें। रिवर्स टांके लगाना न भूलें, हाँ ये जिपर जोड़ने के समय भी महत्वपूर्ण हैं। धागा काट लें और ज़िप के दूसरी तरफ भी सिलें। नीचे की तरफ सिलने के साथ-साथ पिन निकालते रहें। जोड़ा गया ज़िपर आसानी से खुलना चाहिए बिना किसी कपड़े के बीच में आये हुए और आपकी सिलाई इस तरह दिखनी चाहिए।

## चरण 6: कॉलर बनाना






जिपर लगाने के बाद हम कॉलर बनाएंगे जो इस ब्लाउज का मुख्य आकर्षण है। आपके पास मुख्य सीक्विंड कॉलर का टुकड़ा, दो अस्तर के कपड़े के कॉलर के टुकड़े और दो इंटरलिंकिंग फ़्यूज़िंग कॉलर के टुकड़े होने चाहिए। अब हमें फ्यूजिंग कपड़े के चमकदार और उलटे हिस्से को अस्तर के कपड़े के उलटे हिस्से पर इस्त्री करना है ताकि यह चिपक जाए और अतिरिक्त स्थिरता प्रदान करे। बस कपड़े को इस्त्री करने की टेबल पर रखें, फ्यूजिंग साइड ऊपर हो और उसके ऊपर इस्त्री करके चिपका दें। यह दोनों टुकड़ों के लिए अलग-अलग किया जाना चाहिए।






अब अस्तर के एक टुकड़े को घुमाएं, सीधा हिस्सा ऊपर हो और मुख्य कपड़े को इसके ऊपर रखें। सीक्विंड साइड आपकी तरफ हो। अब दूसरे अस्तर के कपड़े के सीधे हिस्से को दिखाए अनुसार मुख्य कपड़े के ऊपर रखें। ये करने के बाद हम इन सभी टुकड़ों को एक साथ सिलेंगे। कॉलर पर पिन लगा दें, सुनिश्चित करें कि बीडेड पिन सभी कपड़ों में लगा हो। सिलने से पहले, जिपर फुट हटा के नियमित फुट को लगा लें।




फ़्यूज़िंग कपड़े से सिलाई करना शुरू करें, सुनिश्चित करें कि आप कपड़े के ऊपर से सिलना न शुरू करें। जब आप इंटरलाइनिंग फ़्यूज़िंग के आखिर तक पहुंचे तो कपड़े को मोड़ लें। हम कॉलर मटेरियल को एक निरंतर सिलाई के साथ सिलेंगे, लेकिन केवल तीन तरफ से, आप देखेंगे कि क्यों।










ये करने के बाद अतिरिक्त धागे को काट लें और पिंस को हटा दें। कपड़े के उस साइड पर नॉच बनाएं जो हमने अभी सिला है। किनारों को ऊपर से तिरछा काटें जैसा ट्यूटोरियल में दिखाया गया है, याद रखें कि टांके न कटें। पुरे में नॉच बनाना जारी रखें, यह सर्कुलर स्टिच को समतल करने में मदद करेगा। नॉच बनाते वक़्त एक बार फिर याद रखें कि टांके को न काटें।

अब कॉलर को अंदर की तरफ से बाहर की तरफ मोड़ें जैसे ट्यूटोरियल में दिखाया गया है। कॉलर के सीधे हिस्से को ब्लाउज के सीधे हिस्से की तरफ रखें, कॉलर के किनारे को जिपर के किनारे के साथ संरेखित होना चाहिए जैसा ट्यूटोरियल में दिखाया गया है और पिन लगा दें, और कॉलर को सब तरफ पिन लगाएं। ये करने के बाद तिरिक्त ज़िप को काट दें।

आसानी से सिलने के लिए ज़िप खोलें और कॉलर के किनारे को ज़िपर फुट से संरेखित करें और सिलाई शुरू करें। दूसरी तरफ सिलने के साथ-साथ पिन निकालते रहें। जैसा कि आप देख सकते हैं हमने कॉलर को सिल लिया है और जोड़ दिया है।

## चरण 7: हैंड हेमिंग से कॉलर, आर्महोल और नीचे के हिस्से को फिनिश करना








अब एक अच्छे फिनिश के लिए हम कॉलर के खुले किनारों को हांथ से सिलेंगे। कॉलर बनाने के बाद, हम बायस स्ट्रिप को अंदर की ओर मोड़कर और उसके ऊपर सिलाई करके आर्महोल और निचले हिस्से को हेम करेंगे। नीचे अतिरिक्त बायस स्ट्रिप को अंदर की ओर मोड़ें और इसके ऊपर सिलें। आखिर तक पहुंचने तक सिलते रहें।

जब यह चरण पूरा हो जाये तो दो हुक लें और उन्हें सही फिट के लिए ब्लाउज के कॉलर के साथ जोड़ें। हुक की आई सिलना न भूलें।

अब आपका ब्लाउज पूरा हो गया है। हम इसे हल्की साड़ी के साथ स्टाइल करने की सलाह देते हैं क्योंकि ब्लाउज खुद आपके लुक में एक 'वॉव' एलिमेंट जोड़ता है। यह आपके सबसे अच्छे दोस्तों की शादी में या अपने परिवार के समारोह में पहनने के लिए एकदम सही है। हमें बताएं कि आप कौन से अन्य ब्लाउज बनाना देखना चाहते हैं। इस ट्यूटोरियल को लाइक, कमेंट और शेयर करना न भूलें।

